बुधवार 26 जुलाई 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे तीन बदमाश हथियार व गोली के साथ गिरफ्तार
3






## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 35 एजेंडों पर लगी मुहर

# बिहार सरकार किसानों को देगी डीजल अनुदान, 100 करोड़ रु. की मिली मंजूरी

- आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार योजना में उपलब्ध कराया जाएगा अंडा
- बिहार में 3 हजार नए प्राइवेट ट्यूबवेल लगेंगे
- संस्कृत और मदरसा बोर्ड के शिक्षको को एरियर मिलेगा
- बिहार सूचना आयोग में कुल 5 पदों का किया गया सृजन

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कुल 35 एजेंडों पर मुहर लगी है। बिहार सरकार किसानों को डीजल अनुदान देगी। इसके लिए नीतीश कैबिनेट ने 100 करोड़ रुपये की एडवांस निकासी पर मुहर लगाई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत 50 करोड़ रुपये के अतिरिक्त यह राशि जारी की गई है। बिहार सूखे की ओर बढ़ रहा है। फसलों की सिंचाई के लिए यह राशि जारी की गई है। ताकि किसानों को कुछ राहत मिले। बिहार के सरकारी हॉस्पिटल में सुलभ शौचालय की एंट्री दी गई है। मनोनयन के आधार पर हॉस्पिटल में मरीजों और उनके परिजनों के लिए शौचालय और स्नानघर उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं बिहार के सूचना आयोग को और सशक्त किया जाएगा। आयोग में कुल 5 पदों का सृजन किया गया है।



### कृषि रोड मैप के लिए चालू 119 करोड़ रु खर्च पर मुहर

आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार योजना में अंडा उपलब्ध कराया जाएगा। सप्ताह के 2 दिन बुधवार और शुक्रवार दिया जाएगा। अंडा नहीं खाने वाले बच्चों को भूनी मूंगफली दिया जाएगा। इसके लिए 216 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत दी। बख्तियारपुर ताजपुर गंगा फोर लेन गंगा पुल के लिए 131 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। केंद्र सरकार से राशि नहीं मिलने के कारण एडवांस में राशि स्वीकृत की गई। कुल 935 करोड़ रुपए के खर्च से यह ब्रिज बन रहा है। कृषि रोड मैप के चौथे संस्करण के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 119 करोड़ रुपये निकासी और खर्च पर मुहर।

### गाड़ियों के स्क्रैप पॉलिसी में सरकार ने किया बदलाव

बिहार सरकार ने गाड़ियों के स्क्रैप पॉलिसी में बदलाव किया है। 15 साल से अधिक गाड़ियों को स्क्रैप किए जाने के लिए गाड़ी पर पूर्व की लंबित देनदारी और मोटर वाहन कर, हरित कर और फीस में एक मुश्त छूट दी गई। बिहार नगरपालिका लिपिक संवर्ग नियुक्ति एवं शर्त में संशोधन किया गया है। नगर निगम और नगर परिषद में अनुकंपा के आधार पर क्लर्क बनेंगे। नई नियमावली के तहत 18 साल के आयु वाले आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में आयु सीमा 21 वर्ष थी। बिहार सरकार के आयोग और बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों को बीपीएससी के अध्यक्ष और सदस्य के बराबर मानदेय मिलेगा।

### जलजमाव से निपटने के लिए आरा में खर्च होंगे 77 करोड़

आरा नगर निगम क्षेत्र में जलजमाव से निपटने के लिए 77 करोड़ 81 लाख रुपए बुडको के द्वारा खर्च किया जाएगा। वहीं, समस्तीपुर नगर निगम क्षेत्र से जल निकासी और जलन सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए 48 करोड़ 25 लाख की राशि बुडको के द्वारा खर्च किए जाएंगे।

तीन डॉक्टर बर्खास्त किए गए हैं। गोपालगंज के सिंघवलिया प्राथमिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह सेवा से बर्खास्त किए गए हैं। कटिहार सदर अस्पताल रेडियोलॉजी विशेष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि कुमार और गोपालगंज रेफरल हॉस्पिटल चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार सुल्तानिया सेवा से बर्खास्त किए गए हैं। ये सभी पिछले कई सालों से बिना बताए गैर हाजिर थे। वहीं बिहार में 3 हजार नए प्राइवेट ट्यूबवेल लगेंगे। इसके लिए 222 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राशि स्वीकृति और नए नल कूप लगाए जाने के प्रस्ताव पर हरी झंडी मिलेगी। संस्कृत और मदरसा बोर्ड के शिक्षको को एरियर मिलेगा पांचवें वेतनामान का लाभ 12 अप्रैल 1999 के बदले 1 अप्रैल 1989 के प्रभाव से मिलेगा। छठे वेतनमान का लाभ 1 अप्रैल 2007 के प्रभाव से मिलेगा। एरियर दिए जाने पर कैबिनेट की मुहर।

## रोहतास के ठेकेदार की पटना में गोली मारकर हत्या

**पटना।** पटना में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कानून व्यवस्था का हाल दिनोंदिन लचर होता जा रहा। इसकी बानगी मंगलवार को देखने को मिली। यहां खुसरूपुर बख्तियारपुर फोरलेन पर रोहतास के ठेकेदार की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद खुसरूपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में खुसरूपुर थाना प्रभारी चंद्रभानु ने बताया कि पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगालने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रोहतास के ठेकेदार मनमंथ कुमार ट्रेन से पटना खुसरूपुर पहुंचे थे। इसी क्रम में वह फोरलेन से गुजर रहे थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भून डाला। खुसरूपुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान उनके पॉकेट में मिले कुछ कागजात से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि ठेकेदार मनमंथ कुमार 24 तारीख को अपने घर से निकले थे। वह पटना किस से मिलने आए थे, इस बात की जानकारी भी परिजनों को नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकारा, पूछा

# आप अपनी पार्टी की सरकार के खिलाफ क्यों नहीं करते कार्रवाई

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नगालैंड के स्थानीय निकाय में महिला आरक्षण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान केंद्र सरकार को फटकार लगाई। नगालैंड के स्थानीय निकाय में 33 फीसदी महिला आरक्षण लागू नहीं होने पर शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा, आप अन्य राज्य सरकारों के खिलाफ तो कड़ा रुख अपनाते हैं, जो आपके प्रति उत्तरदायी नहीं हैं। लेकिन जिस राज्य में आपकी पार्टी की सरकार है, वहां आप कुछ नहीं करते। कोर्ट ने सवाल किया, आप अपनी ही पार्टी की राज्य सरकारों के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं लेते।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एसके कौल ने केंद्र से पूछा कि नगालैंड के स्थानीय निकाय में 33 फीसदी आरक्षण क्यों लागू नहीं हुआ? क्या महिलाओं के लिए आरक्षण के खिलाफ कोई प्रावधान है? महिलाओं की भागीदारी का विरोध क्यों हो रहा है? जबकि जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाएं समान रूप से शामिल हैं।



### सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम अंतिम मौका दे रहे हैं

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा, राजनीतिक रूप से आप और राज्य सरकार (दोनों बीजेपी) के साथ एक ही पायदान पर हैं। आप राज्य सरकार से शिकायत क्यों नहीं करते? राज्य की विशेष स्थिति का हवाला देकर केंद्रीय प्रावधान को लागू करने से नहीं बचा जा सकता। केंद्र सरकार को भी यह देखना चाहिए कि नगालैंड के पर्सनल कानूनों और राज्य को मिले विशेष दर्जे को प्रभावित किए बिना वहां भी पूरे देश जैसी व्यवस्था लागू हो सके। सुप्रीम कोर्ट केंद्र सरकार से कहा, हम अंतिम मौका दे रहे हैं। अगर आप कुछ नहीं करते, तो हम फैसला देंगे। मामले की सुनवाई अब 26 सितंबर को होगी।

# देश का नाम इस्तेमाल करके लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता : मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद में जारी गतिरोध के बीच मंगलवार को भाजपा के संसदीय दल की बैठक हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के नए नाम इंडिया पर तंज कसा और कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया था और इंडियन मुजाहिदीन में भी इंडियन है लेकिन सिर्फ इंडिया नाम रखने से इंडिया नहीं हो जाता। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से दिशाहीन है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष हताश और निराश है और उसके आचरण से पता चलता है कि उन्होंने लंबे समय तक विपक्ष में रहने का ही मन बना लिया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 'विपक्षी पार्टियों ने इंडिया नाम, लोगों को गुमराह करने के लिए रखा है। विपक्ष, सत्ता में नहीं आना चाहता। लोगों को गुमराह करने के लिए ही इंडिया नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# शर्मनाक: प्रॉपर्टी के लिए बेटे ने ही कराई थी अपने बाप की हत्या

**केटी न्यूज/गया**

गया में 15 दिन पहले मेडिकल थाना क्षेत्र के वाजिदपुर बाजार में प्रॉपर्टी डीलर गोविंद प्रसाद की हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। संबंधित मामले में 3 अपराधी को पुलिस ने पकड़ा है। पकड़ा गया मुख्य अपराधी शेखर गोविंद प्रसाद का रिश्तेदार है। खास बात यह है कि गोविंद प्रसाद की हत्या उसके बेटे अमित कुमार ने ही कराई थी। अमित ने शेखर को नौकरी लगा देने का झांसा देकर पिता की हत्या करने को तैयार किया था। झांसे में आकर शेखर ने अपने साथी के साथ मिलकर गोविंद प्रसाद की हत्या कर दी थी। इस मामले में तीन आरोपी अमित, शेखर और संतोष को गिरफ्तार किया गया है। खास बात यह है कि शेखर अमित का चचेरा मामा है, लेकिन पुलिस ने जब शेखर को अमित के पास प्रस्तुत किया तो अमित और शेखर ने एक दूसरे को जानने से इनकार कर दिया। पुलिस ने अपने अन्य सोर्स से जानकारी ली तो मामला सही निकला। एसएसपी ने बताया कि अमित गोविंद प्रसाद का अकेला बेटा था। प्रॉपर्टी पर कब्जा करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था।

## कारगिल विजय दिवस आज: 1999 में भारत के शूरवीरों ने पाकिस्तान को चटाई थी धूल

# अदम्य साहस का परिचय देकर जवानों ने किया था कारगिल फतह

**एजेंसी/नई दिल्ली**

24 साल पहले जय महाकाली, आयो गोरखाली, राजा रामचंद्र की जय, दुर्गा माता की जय जैसे युद्धघोष से कारगिल की पहाड़ियां ही नहीं बल्कि दुश्मनों के पैरों के नीचे की जमीन भी हिल गई थी। कारगिल की जंग पड़ोसी देश की नापाक हरकत का नतीजा थी। इस जंग में देश के वीर जवानों ने अपने शौर्य और साहस का वो परिचय दिया जिसे भारत ही नहीं बल्कि दुनिया में अदम्य साहस के रूप में देखा जाता है।

कारगिल में दुश्मन पहाड़ की चोटियों पर जमा बैठा था और भारतीय फौज की हर मूवमेंट पर उसकी नजर थी। दुनिया की आंख



में धूल झोंकने के लिए पाकिस्तान ने अपनी फौज के सिपाहियों को घुसपैठियों का नाम दिया। दुश्मन कारगिल की बर्फीली चोटियों पर उस वक्त भी जमा रहा जब भारतीय फौज समझौते के मुताबिक अपनी बैरकों में लौट चुकी थी। तमाम मुश्किलों के बाद भी भारत के वीर सपूतों ने दुश्मनों के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया और चोटियों पर फिर तिरंग फहराया।

कारगिल की जंग आज से 24 साल पहले मई 1999 में शुरू हुई थी। इस युद्ध में भारत की जीत हुई थी। हाड़ जमा देने वाली बर्फीली चोटियों में भारत के शूरवीरों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया था। लड़ाई 26 जुलाई को खत्म हुई थी और इसी जीत को याद करते हुए हर साल 26 जुलाई को 'विजय दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन कारगिल की जंग में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के वीर सपूतों के शौर्य और बलिदान को याद किया जाता है।

**शुरू हुआ ऑपरेशन विजयः** ये जंग तब शुरू हुई थी जब साल 1998 की सर्दियों में पाकिस्तानी सेना घुसपैठियों का नकाब ओढ़कर भारत के इलाकों पर काबिज हो जाती है। भारत को जब पाकिस्तानियों के नापाक मनसूबों की भनक लगती है, तो उन्हें करारा जवाब देने के लिए 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया जाता है। इस जंग में भारत वीर सपूतों ने वो वीरगाथा लिख दी देश के लिए आखिरी सांस तक लड़े। 18 हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल की ये जंग करीब 2 महीने तक चली। इस युद्ध में मां भारती के 527 रणबांकुरों ने शहादत दी। 1300 से ज्यादा भारतीय जवान घायल हुए। वहीं, पाकिस्तान के लगभग 1200 सैनिकों की मौत हुई।



## पुलिस ने दो देसी कट्टा, एक गोली, एक बाइक और तीन मोबाइल किया बरामद

# भोजपुर में लूट की घटना को अंजाम देने जा रहे तीन बदमाश हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार



**केटी न्यूज/आरा**

जिले की गड़हनी थाने की पुलिस की सक्रियता से लूट की एक बड़ी वारदात टल गयी। बदमाशों द्वारा लूटपाट को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया।? पुलिस के मुताबिक तीनों बदमाश अगिआंव-गड़हनी रोड पर राहगीरों से लूटपाट करने निकले थे। पुलिस ने उनके पास से दो देसी कट्टा, एक गोली, एक बाइक और तीन मोबाइल बरामद की है। गिरफ्तार अपराधियों में गड़हनी थाना क्षेत्र के धमनियां के शांति नगर निवासी धन्नु कुमार उर्फ बोतल, सहंगी गांव निवासी मुकेश चौरसिया और बड़ा टोला सहंगी मोड़ निवासी गोलू कुमार शामिल हैं।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि सोमवार की शाम सूचना मिली कि बाइक सवार तीन अपराधी लूटपाट की वारदात को अंजाम देने गड़हनी-गड़हनी रोड पर धमनियां की तरफ जा रहे हैं। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बदमाशों की गिरफ्तारी को एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर धमनियां पुल के पास चेकिंग शुरू की गयी। तभी पुलिस को बाइक सवार अपराधी भागने लगे। उस पर पुलिस टीम ने पीछा कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो देसी कट्टा, एक गोली और तीन मोबाइल बरामद किया गया। साथ ही, बाइक भी जब्त कर ली गयी। टीम में गड़हनी थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार और एडिशनल एसएचओ सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। इस मामले में तीनों के खिलाफ आपराधिक षड़यंत्र और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। साथ ही, पुलिस उनके आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी हुई है।

■ लूट, आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने और भाड़े पर देने के लिए खरीदा था कट्टा



**पड़ोसी जिले से खरीदा था कट्टा** : पूछताछ के दौरान पकड़े गए अपराधियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पड़ोस के जिल से करीब 25 और 30 हजार में कट्टा खरीदा था। लूटपाट करना और आपराधिक घटना के लिए अपराधियों को भाड़े पर हथियार देने के लिए उन्होंने हथियार खरीदे थे। एसपी ने बताया कि तीनों अपराधियों से अबतक की पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि लूटपाट और भाड़े पर देने के लिए दूसरे जिले से 25 से तीस हजार में कट्टा खरीदा है। हथियार सप्लाई करने वालों के बारे में भी जानकारी दी गयी है। ऐसे में उस संबंधित जिले की पुलिस से संपर्क कर हथियार तस्कर और गिरोह के बारे में सत्यापन कराया जा रहा है। जानकारी मिलने के बाद हथियार बेचने वालों को भी इस केस का अभियुक्त बनाया जायेगा।

## रोडरेज मामले में नहीं हुई बदमाशों की पहचान

**आरा।** जिले के अपराध कर्मियों का हौसला बुलंद होते जा रहा है। अपराध की जगत में नए नए बदमाशों कहीं भी गाली चलाने में डर नहीं है। ताजा मामला बीते दिन नवादा थाना क्षेत्र के कतिरा मोड़ के समीप की थी। जिसमें महज बाइक सटने का विरोध करने पर एक किशोर पर गोली चला दी गई। हालांकि, छात्र को किसी प्रकार की को क्षति नहीं पहुंची। हालांकि, छात्र के बयान दर्ज करने के बाद भी पुलिस अब तक बदमाशों को पकड़ नहीं पाई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी सुजीत सिंह का बेटा सूरज कुमार अपने दोस्तों के साथ कतीरा स्थित बजाज शोरूम के समीप कोचिंग करने जा रहा था। तभी पीछे से आ रहा एक बाइक सवार युवक उसे रगड़ते निकल गया। जब उसने विरोध किया तब युवक ने उसपर गोली चला दी।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू, रोहतास डीएम ने अधिकारियों की तय की जवाबदेही

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में मंगलवार को जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक की गई। जिसमें जिलाधिकारी ने अधिकारियों की जवाबदेही तय की। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी, रेलवे स्टेशन सासाराम से फजलगंज स्टेडियम तक प्रातः 07:30 बजे निकाली जाएगी। प्रभात फेरी का आयोजन जिला शिक्षा पदाधिकारी, रोहतास और नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक द्वारा किया जायेगा। वहीं, प्रभात फेरी के मार्ग की साफ-सफाई नगर आयुक्त, सासाराम तथा सुरक्षा व्यवस्था थाना अध्यक्ष सासाराम द्वारा की जायेगी। न्यू स्टेडियम फजलगंज अवस्थित मंच का निर्माण एवं समतलीकरण की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, सासाराम द्वारा की जाएगी और रंगा-रोगन की व्यवस्था जिला नजारत, शाखा द्वारा की जाएगी।



झंडा तोलन स्थल पर पुलिस अधीक्षक, रोहतास का आगमन प्रातः 08:45 बजे समाहर्त्ता, सासाराम का आगमन प्रातः 08:50 बजे मंत्री महोदय का आगमन प्रातः 08:55 बजे तथा मुख्य समारोह स्थल पर झण्डोतोलन प्रातः 09:00 बजे होगा। झण्डे को सही ढंग से बांधने की व्यवस्था सर्जेन्ट मेजर की होगी। आगन्तुकों का स्वागत अनुमण्डल पदाधिकारी, सासाराम एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम द्वारा किया जायेगा।

## खेत पटाने गये युवक को विषैले सांप ने डंसा, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव में मंगलवार की दोपहर विषैले सांप के डंसने से खेत पटाने गये किसान की हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत किसान घाघा गांव निवासी स्व. बिहारी यादव का कृष्णा यादव थे। उनके चचेरे भाई सत्येंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह घर से खेत पटाने के लिए बधार में गए थे। गुरुवार की दोपहर उनका बेटा लवकुश कुमार उनके लिए खाना लेकर खेत में गया, तो देखा कि उसके पिता बेहोशी की हालत में खेत में पड़े है। उसके बाद वह दौड़कर घर पर आया और जानकारी दी।



सूचना मिलने पर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे, तो देखा कि पैर में सांप के डंसने का निशान है। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। किसान अपने छह भाई व तीन बहन में चौथे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी, पुत्र दया, लवकुश, रवि और पुत्री पिंकी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### जिला सृजन दिवस को लेकर स्क्रीनिंग संपन्न



**जहानाबाद।** जिला सृजन दिवस 2023 के अवसर पर एक अगस्त को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार विभिन्न विद्यालयों तथा स्थानीय कलाकारों के चयन हेतु मंगलवार को अब्दुलबारी नगर भवन में पूर्वाहन 11:00 बजे से चयन समिति के द्वारा स्क्रीनिंग की गई। जिलाधिकारी ने जिला सृजन दिवस के पूर्व संध्या पर अपने -अपने घरों में मोमबत्ती/दिया प्रज्ज्वलित कर सृजन दिवस को हर्षोल्लास से मनाने का अपील किया। कलाकारों के चयन हेतु पदाधिकारियों एवं कला विशेषज्ञों की बनी समिति द्वारा विभिन्न विद्यालयों/संस्थानों से चयनित व नामित प्रतिभागियों की प्रस्तुति का अवलोकन किया गया एवं चयनित किया गया। चयन समिति के समक्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन प्रतिभागियों को जिला सृजन दिवस के अवसर पर कला प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर मनोज कुमार अनुमंडल पदाधिकारी, रत्ना प्रियदर्शी, प्रभारी जिला आपदा प्रबंधन शाखा, सृष्टि प्रिया, प्रभारी जिला सामान्य शाखा, रौशन आरा जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुश्री शिल्पी आनंद, वरीय उप समाहर्ता, सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन एवं कला शिक्षकगण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मणिपुर के मामले में हस्तक्षेप करें

**जहानाबाद।** मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जहानाबाद जिला परिषद की बैठक कॉ. नरेश प्रसाद के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सभी शाखा, अंचल समिति का सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, जहानाबाद जिले के समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया एवं जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक समाप्ति के बाद एक प्रतिरोध मार्च पार्टी कार्यालय से हॉस्पिटल मोड़ तक निकाला गया। जिसका नेतृत्व कॉ. अखिलेश प्रसाद एवं कॉ. सुरेश प्रसाद एवं पूर्व जिला मंत्री अंबिका प्रसाद कर रहे थे। हॉस्पिटल मोड़ पर एक सभा किया गया। जिसका संबोधन कॉ. अखिलेश प्रसाद, डॉ. नरेंद्र शर्मा, कॉ. बैजनाथ शर्मा एवं अंबिका प्रसाद ने किया एवं सरकार से मांग किया गया कि शीघ्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर के मामले में हस्तक्षेप करें और वहां शांति स्थापित करें एवं मुख्यमंत्री को अपने पद से हटाया जाए।



### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की गई जान

**सासाराम।** जिले के नोखा थाना क्षेत्र में मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जाता है कि कोन गांव के निवासी राज किशोर चौरसिया 72 साल की मौत आरा-रांची एक्सप्रेस की चपेट में आ जाने से हो गई। बताते हैं कि आरा-सासाराम रेल ट्रैक पर पार करते समय वह तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। नोखा नगर परिशद के पूर्व वाइस चेयरमैन राजेंद्र कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार वो शैच के लिए निकले थे, गुमटी के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए।

## करंट की चपेट में आने से किसान की हुई मौत

**जहानाबाद।** बिशुनगंज ओपी क्षेत्र के कन्हैया बिगहा गांव में मंगलवार की दोपहर बिजली का करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक कन्हैया बीघा गांव निवासी बलेसर यादव बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार किसान बलेशर यादव गांव स्थित बधार में अपने मोटर पंप में बिजली का तार जोड़ रहे थे तभी बिजली के करंट के संपर्क में आ गये। जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं घटना की खबर गांव में जंगल में लगी आग की तरह फैल गए जिसके बाद गांव का माहौल गमगीन हो गया। महिलाओं के चीत्कार से वहां पर मौजूद हर कोई की आंखें नम हो जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि बलेशर यादव खेती बाड़ी कर अपने घर का गुजारा किया करते थे। जिनकी मौत बिजली के करंट की चपेट में आने से हो गई हैं।

## जिलाधिकारी ने जिले में कम वर्षा को देखते हुए अधिकारियों को दिए टास्क

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में कम वर्षा को देखते हुए संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कम वर्षा को देखते हुए जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया कि वैकल्पिक फसल लगाने हेतु आकलन किया जाए। उन्होंने बताया कि किसानों को वैकल्पिक फसल में राइ, मक्का, अरहड़ इत्यादि लगाने के लिए जागरूक किया जाए।

साथ ही डीजल अनुदान का आकलन करने का भी निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने नल जल योजना के तहत जो भी नल जल से संबंधित खराबी हो उसे ठीक किया जाए तथा खराब चापाकलों को मरम्मती कराने का निदेश जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को दिया गया। इस दौराल जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि प्रखंडों/पंचायतों में अधिष्ठापित रेनगेज का तथा वेदर स्टेशनों का भौतिक सत्यापन किया जाए। साथ ही प्रखंडवार रेनफाल का डाटा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को मनरेगा के तहत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनवाने का निदेश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई को निदेश दिया कि खराब/बंद पड़े राजकीय नलकूपों को मरम्मती कराते हुए चालू किया जाए।



## महामंत्री विजय सिंह के श्राद्ध कर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# विजय सिंह को खोकर भाजपा अत्यंत: भीखुभाई


**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के ग्राम कल्पा खुर्द में विधानसभा मार्च में पुलिस लाठी चार्ज में शहीद हुए जिला महामंत्री विजय सिंह के श्राद्ध कर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं ने दिवंगत विजय सिंह की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर बिहार भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया ने कहा कि विजय सिंह को खोकर भाजपा परिवार अत्यंत मर्माहत है। बिहार भाजपा परिवार सदैव विजय बाबू के परिवार के साथ खड़ा है। उनकी भौतिक अनुपस्थिती जरूर हमलोग के लिए मानसिक रिक्ति है लेकिन उनकी पार्टी के प्रति कार्यनिष्ठा सदैव हम सब के लिए प्रेरणादायी रहेगा। आपकी उपस्थिती सदैव हमारी स्मृतियों में रहेगी।



विधानपार्षद अनिल शर्मा ने कहा कि हमारे साथी महामंत्री की शहादत हम सब के लिए अपूर्णीय है, जिला भाजपा परिवार विजय बाबू के परिवार के साथ सदैव खड़ा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रो. गुरुप्रकाश पासवान ने कहा कि विजय बाबू हमारे परिवार के सदस्य थे, उनके शहादत से अतिमर्माहत हूं। इनकी शहादत नीतीश की तानाशाही सरकार को बिहार की जनता के दिलों से उतार दिया है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार, डॉ. प्रमोद चंद्रवंशी, राधामोहन शर्मा, सिद्धार्थ शंभू, पूर्व सभापति सह विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह, विधायक जनक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता मृतुन्जय झा, अशोक सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार देव, विधान पार्षद संतोष कुमार सिंह, राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के पूर्व सदस्य योगेंद्र पासवान, जिला प्रभारी शम्भू केसरी, जिला महामंत्री धीरज कुमार, अनिल ठाकुर, उपाध्यक्ष कृष्णकांत राय, कृष्ण मुरारी गुड्डु, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि रंजन, सुरेश शर्मा, अजित शर्मा, मंत्री ब्रजेश कुमार, महेंद्र कुमार, जयप्रकाश केसरी, मीडिया प्रभारी कृष्णकांत कुमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रवि शेखर, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सिंह, विनोद शर्मा, निरंजन बब्लू, विमलेश कुमार शुभम राज,मुकेश कुमार, गौरव कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता, परिवार के सदस्य, ग्रामीणों की उपस्थिती रही।



# बढ़ेगी जागरूकता : जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा को गति देंगे ग्रामीण चिकित्सक

- ग्रामीण चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति संपर्क अखवाड़ा का आयोजन किया गया। वहीं, 11 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जागरूकता अभियान को गति देने के उद्देश्य से ग्रामीण चिकित्सकों को जोड़ा जा रहा है। ताकि, ग्रामीण स्तर पर वो लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक कर सकें। इसी को लेकर सदर प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें परिवार नियोजन के साधनों, सेवाओं और योजनाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान अस्थायी साधनों के वितरण के साथ साथ योग्य दंपतियों के लिए नियोजन के स्थायी साधनों मसलन बंध्याकरण और नसबंदी के संबंध में जानकारी दी गई। जिससे ग्रामीण चिकित्सकों के माध्यम से पुरुषों की भूमिका बढ़ाने के लिए उन्हें नसबंदी और बंध्याकरण के बीच के फायदों की जानकारी पहुंचाई जा सके।

**पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए करना है जागरूक :** बीसीएम प्रिंस कुमार ने बताया, प्रखंड के पुरुषों को नियोजन के स्थायी साधनों के प्रति जागरूक करना है। जिससे उनकी भागीदारी को बढ़ाया जा सके। अधिकांश पुरुष भ्रामक सूचनाओं की चपेट में हैं। उन्हें नसबंदी या कंडोम प्रयोग के बाद चरमसुख प्रभावित होने, नसबंदी तकलीफदेह होने, जननांग संबंधी कैंसर का खतरा बढ़ने, डिमेंशिया की चपेट में आने समेत अन्य गलतफहमी हैं, जबकि शोध के अनुसार यह सब मिथक हैं। नसबंदी या परिवार नियोजन के साधनों के प्रयोग के दौरान कोई भी क्रिया प्रभावित नहीं होती। यौन रोग एचआईवी-एड्स, सिफलिस जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा मिलती है।

**ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को करें प्रेरित :** प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, समाज के हर तबके के सभी परिवार को गुणवत्तापूर्ण जिंदगी जीने के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना बेहद जरूरी है। बच्चे को उचित परवरिश एवं अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। छोटा व सीमित परिवार के लिए परिवार नियोजन के साधन को अपनाना सबसे पहली नींव है। उन्होंने ग्रामीण चिकित्सकों से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा में सहयोग देने की अपील करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर नियोजन के अस्थायी साधन निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही, चिकित्सकों को स्थायी साधनों के लिए लाभुकों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी दी गई।

## एक नजर

### बक्सर भगवान वामन की जन्मस्थली, यहां उनकी ही लगनी चाहिए सबसे ऊंची मूर्ति : विनोद राय



**डुमरांव।** बक्सर में भगवान श्रीराम की 1008 फीट उंची मूर्ति लगाने की केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा घोषणा की गई है। मूर्ति निर्माण के लिए जीयो मैपिंग भी करवाई जा चुकी है। लेकिन इस पर अब सियासत शुरू हो गई है। वरिष्ठ जदयू नेता सह होटल व्यवसायी विनोद राय ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बक्सर भगवान वामन की जन्मस्थली है। यहां सबसे उंची मूर्ति उनकी ही लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बक्सर से न सिर्फ भगवान श्रीराम का नाता रहा है बल्कि उससे से भी अधिक भगवान वामन का। उन्होंने कहा है कि बक्सर भगवान श्रीराम की शिक्षा स्थली रही है। जबकि भगवान वामन का जन्म ही यहा हुआ था। लिहाजा पहले भगवान वामन की मूर्ति लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संत व लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की भी इच्छा है कि बक्सर में भगवान वामन की मूर्ति स्थापित हो। श्री राय ने कहा कि यदि बक्सर में भगवान वामन की मूर्ति की स्थापना की जाएगी उनके सहित सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता तन, मन और धन से सहयोग करेंगे। बता दें कि भगवान वामन की मूर्ति अभी सेंट्रल जेल परिसर में है।

### भ्रष्टाचार कर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में बक्सर के जिला कृषि पदाधिकारी निलंबित



**बक्सर।** बक्सर के जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि विभाग के अपर सचिव विपिन कुमार सिंह ने उनके निलंबन की चिट्ठी जारी कर दी है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कृषि निदेशालय पटना रहेगा। उन पर भ्रष्टाचार करने तथा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला निगरानी विभाग में चल रहा था। निगरानी विभाग ने 90 लाख 19 हजार 483 रुपए के आय से अधिक संपत्ति के खिलाफ निगरानी थाना कांड संख्या 62/22 दर्ज करवाया था। निगरानी विभाग द्वारा बार-बार उनसे इस संपत्ति के संबंध में जानकारी मांगा जा रहा था। लेकिन जिला कृषि पदाधिकारी जांच में असहयोग कर रहे थे तथा अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे रहे थे। जांचकर्ता निगरानी विभाग के डीएसपी ने तब कृषि विभाग को पत्र लिख उन पर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद कृषि विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया है। बता दें कि किसानों की हकमारी कर मनोज कुमार ने बड़ी संपत्ति अर्जित की है। लेकिन वही संपत्ति अब उनके गले की फांस बन गई है। उनके निलंबन की खबर से जिले के भ्रष्ट पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों की मानें तो कई विभागों के पदाधिकारी भी आय से अधिक संपति के मामले में निगरानी विभाग के रडार पर है। वही सूत्र बताते है कि जिला कृषि पदाधिकारी रहते हुए मनोज कुमार ने अवैध तरीके से अकूत संपति अर्जित की है। पूर्व में निगरानी विभाग द्वारा इनके ठिकानों पर छापेमारी भी की गई थी। इसी छापेमारी में करीब एक करोड़ रूपए की आय से अधिक संपति का पता चला था। जिसके बाद उनपर निगरानी थानें में केस दर्ज कराया गया था।

## खबरें फटाफट

### जिले में नहीं है उर्वरक की कमी: नियंत्रण कक्ष

**बक्सर।** जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। प्रभारी उर्वरक नियंत्रण कक्ष के द्वारा बताया गया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में यूरिया खुदरा विक्रेताओं के पॉश मशीन में 12438.431 मैट्रिक टन उपलब्ध है। एक-दो दिन के अंदर सासाराम रैक बिंदु से चंबल कंपनी के यूरिया 297 मीट्रिक टन जिले को प्राप्त हो जाएगी। जिससे किसानों को जरूरत के मुताबिक यूरिया की आपूर्ति निर्बाध गति से होगी। उर्वरक नियंत्रक ने किसानों से अनुरोध किया है कि अपने नजदीकी उर्वरक बिक्री केंद्र से उर्वरक निर्धारित मूल्य पर आवश्यकतानुसार उचित पहचान (आधार कार्ड) पर खरीद सकते हैं। वही दुकानदारों द्वारा कालाबाजारी करने की शिकायत करने तथा प्रमाण देने पर उनकी अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी।

### लोजपा ने मनाई पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि

**बक्सर।** मंगलवार को बक्सर लोजपा रामविलास के जिला कार्यालय में पूर्व सांसद स्व फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह पार्टी जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी पार्टी पदाधिकारियों ने स्व फूलन देवी के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया। नारी स्वाभिमान की प्रतीक रही स्व फूलन देवी के पुण्यतिथि के अवसर पर जिलाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि स्व. फूलन देवी पुण्यतिथि के अवसर पर मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। वे आजीवन अपने तथा समाज के हक के लिए लड़ी और गलत शक्तियों से कभी हार नहीं मानी। उनको हमेशा इतिहास मे याद रखा जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव संजय कुमार पासवान, ठाकुर भानुशंकर सिंह, मनोज कुमार सिंह, नौशाद आलम, विवेक पाण्डेय, सुनिल बारी,ओमप्रकाश पासवान, मनोज पासवान, जयकिशुन पासवान, संजीव राय, आदि उपस्थित थे।

## मैनेज का खेल: सीएम के आदेश को दरकिनार कर जांच की हो रही खानापूर्ति

# जांच टीम की कार्रवाई से पहले सरकारी डॉक्टर ने हटाया निजी प्रैक्टिस का बोर्ड

**केटी न्यूज/डुमरांव**



जांच से पूर्व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरिश के घर के बाहर लगा बोर्ड।



जांच टीम की कार्रवाई से पहले डॉ गिरिश सिंह के बोर्ड पर पेंट कर दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिले के सरकारी अस्पतालों में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था तथा सरकारी डॉक्टरों के निजी प्रैक्टिस तथा निजी अस्पतालों की मनमानी की शिकायत मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक पहुंच गई। वहां से जांच टीम भी गठित हो गई। लेकिन जांच टीम की कार्यशैली खुद सवालों के घेरे में आ गई है। हम बात कर रहे है मुख्यमंत्री के जनता दरबार में स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हरेकृष्ण सिंह की। उनके शिकायत के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग के दो क्षेत्रिय उपनिदेशक के नेतृत्व में एक जांच टीम 21 जुलाई को सदर अस्पताल पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान शिकायतकर्ता हरेकृष्ण के साथ बक्सर सीएस डॉ एससी सिन्हा भी मौजूद थे। हरेकृष्ण ने अपने आवदेन के साथ ही जांच टीम के सामने बताया कि डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गिरिश सिंह अपने निजी आवास में हरि प्रेम चिकित्सालय नाम से निजी अस्पताल चला रहे हैं। उनके बोर्ड पर उनका नाम भी अंकित है। जांच टीम ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। लेकिन हरेकृष्ण ने आशंका जताई थी कि जांच टीम के पहुंचने के पहल मैनेज के खेल में बोर्ड को हटाया जा सकता है। तब जांच टीम ने उन्हें आश्वत किया था। लेकिन दो दिनों के अंदर ही उनकी आशंका सच साबित हो गई। हरेकृष्ण की मानें तो जांच टीम में शामिल लोगों के इशारे पर ही उपाधीक्षक के घर के पास लगे बोर्ड को पेंट कर अस्पताल तथा डाक्टर का नाम गायब कर दिया गया है।

### सवाल... आखिर उस दिन क्यों नहीं आई जांच टीम

हरेकृष्ण ने बताया कि 21 जुलाई को जब जांच टीम के सामने मैने यह मुद्दा उठाया था और कहा कि इसकी आज ही जांच होनी चाहिए। तब जांच टीम के अधिकारी मुझे झांसे में रख डुमरांव के बदले नया भोजपुर के एक निजी अस्पताल की जांच कर पटना लौट गए। अभी तक वे दुबारा जांच करने नहीं आए है। इधर उपाधीक्षक के निजी अस्पताल को बोर्ड गायब हो गया। हरेकृष्ण ने इसे सेटिंग का खेल बताते हुए फिर से इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के जनता दरबार में करने की बात कही है।

हरेकृष्ण ने करीब आधा दर्जन निजी अस्पतालों का जिक्र करते हुए बताया है कि इन अस्पतालों में फर्जी तरीके से रिटायर्ड डाक्टरों के नाम का बोर्ड लगाया गया है। जबकि उन डॉक्टरों को पता तक नहीं है कि उनके नाम पर अस्पताल संचालित हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं सीएस:** इस संबंध में सीएस डॉ एस सी सिन्हा ने कहा कि दो क्षेत्रिय उपनिदेशक स्तर के अधिकारी आए थे। उनके द्वारा जांच रिपोर्ट देने के बाद विभाग कारवाई करेगी।

## देर रात नया भोजपुर ओपी पहुंच एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सोमवार की देर रात बक्सर एसपी मनीष कुमार अचानक नया भोजपुर ओपी पहुंच गए। उनके साथ डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी भी थे। अचानक एसपी के पहुंचने से पुलिसकर्मियों की बेचैनी बढ़ गई। इस दौरान एसपी ने घंटो थाना के विभिन्न फाईलों का निरीक्षण किया तथा पुलिसकर्मियों की ड्यूटि रोस्टर की पड़ताल की। उन्होंने ओपी प्रभारी को रात्रि गश्त बढ़ाने, अपराध नियंत्रण करने, शराब तस्करी पर लगाम लगाने तथा फरार अपराधियों व वारंटियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। एसपी ने ओपी प्रभारी को शराब तस्करों पर अपराधियों पर नकेल कसने के कई सूत्र भी बताए और कहा कि पुलिस पब्लिक फ्रेंडली को बढ़ावा देकर ही इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। एसपी के इस निरीक्षण के बाद खासकर पुलिस के रात्रि गश्त को और सख्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि सोमवार को हल अहले सुबह एसडीपीओ ने करीब 3 बजे कोरानसराय चौक पर शराब से लदी एक स्वीफ्ट डिजायर कार को जब्त किया था। जिसके बाद महकमें में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि शराब तस्कर अब देर रात से अल सुबह तक ही अधिकतर तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। यही कारण है कि अब एसपी रात में पुलिस कर्मियों के मुश्तैदी की तस्दीक खुद कर रहे हैं।

## सदर अस्पताल में सात माह बाद शुरू हुई अल्ट्रासाउंड जांच

**बक्सर।** सदर अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए एक बार फिर अल्ट्रासांउड जांच की सुविधा शुरू हो गई है। मंगलवार को जांच डॉ अवनि चित्रा सिंहा के नेतृत्व में शुरू हो गया है। पहले दिन संबंधित 20 महिलाओं को सुविधा प्राप्त हुई। इसके साथ ही अब सदर अस्पताल में जांच कराने वाली महिलाओं की संख्या में वृद्धि होगी। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा एक फरवरी से महिला चिकित्सक सह डॉ अल्ट्रासाउंड केंद्र डॉ गिरीजा तिवारी के सेवानिवृति के बाद मानक पर डॉक्टर के नहीं होने से बंद हो गया था। जिसे एक बार फिर 25 जुलाई मंगलवार से सदर अस्पताल में शुरू किया गया है। इस संबंध में सदर अस्पताल के प्रबंधक दुष्यंत सिंह ने बताया कि एक फरवरी से अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा संबंधित डॉक्टर के सेवानिवृति के बाद बंद हो गया था।

## डीएम ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण की समीक्षा की

# बीडीओ-सीओ समन्वय स्थापित कर पंचायतों में उपलब्ध कराएं जमीन

**केटी न्यूज/बक्सर**



मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ने अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में उन्होंने बारी बारी से सभी पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान कई पंचायतों मे जमीन के अभाव में अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण नहीं हो पाने की जानकारी अधिकारियों द्वारा दी गई। जिस पर डीएम काफी सख्त दिखें उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में अबतक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो पाई है उस प्रखंड के बीडीओ सीओ को आपस में समन्वय स्थापित कर जमीन उपलब्ध कराना है। जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को निर्देश दिया गया कि प्रखंडों में नियमित रूप से अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे और जिन स्थानों पर स्थल का चयन नहीं किया गया है उन स्थानों पर व्यक्तिगत अभिरुचि लेते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, संबंधित अंचलाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार स्थलों का चयन एवं कार्य को पूर्ण कराने का नियमित रूप के अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अपर समाहर्ता बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर, डीआरडीए निदेशक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी बक्सर एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए वैक्सीन कुरियर, ठप हुआ टीकाकरण

**केसठ।** पीएचसी में कार्यरत आशा फेसिलेटर व आशा के बाद वैक्सीन कुरियर भी 14 सूत्री मांगों के समर्थन में मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इनके हड़ताल पर चले जाने से नियमित टीकाकरण पूरी तरह ठप हो गया है। कुरियर अभिषेक कुमार और मो. कलाम ने कहा कि चिलचिलाती धूप, कंपकंपाती हुई सर्दी, मुसलाधार बारिश में भी टीकाकरण सत्र स्थल पर दवा पहुंचाने का कार्य नियमित रूप से करते हैं। इसके बदले 90 रुपए ही मिलता है। इस महंगाई में यह राशि ना के बराबर है। पारिश्रमिक राशि वृद्धि करने का समझौता विगत हड़ताल में किया गया था जो आज तक लागू नहीं किया गया है। राज्य सरकार वैक्सीन कुरियर के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। राज्य सरकार के वादा खिलाफी के कारण इन्हें हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होना पड़ा।



# शुद्ध आंकड़े उपलब्ध कराने में सबके सहयोग की जरूरत: सीडीओ

**केटी न्यूज/बलिया**

♦ सांख्यिकीय आंकड़ों के कलेक्शन के लिए सेंसटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन

सीडीओ प्रवीण वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांख्यिकीय आंकड़ों के कलेक्शन के लिए सेंसटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें मौजूद उद्यमियों व जनप्रतिनिधियों को डाटा कलेक्शन की आवश्यकता व इसके फायदों के बारे में बताया गया। यह भी अपेक्षा की गई कि अन्य लोगों को भी इस सर्वेक्षण के बारे में बताएं, ताकि गुणवत्तापूर्ण आकलन उपलब्ध हो सके।

सीडीओ ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में हो रहे निवेश, विनिर्माण के क्षेत्र में हो रहे विनिर्माण, सेवाक्षेत्र, व्यापार आदि के क्षेत्रों में सम्बन्धित विभागों द्वारा किये जा रहे योगदान का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण आकलन विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से उपलब्ध हों, इसके लिए सम्बन्धित सेक्टर से जुड़ी सभी इकाईयों एवं उनके उत्पादों से जुड़े आंकड़ों के आंकलन करने वाले सम्बन्धित संस्थाओं एवं विभागों का जागरूक करना है। उपस्थित



लोगो को कार्यशाला में बताया गयी महत्वपूर्ण जानकारियों का लाभ लेते हुए सही एवं शुद्ध आंकड़ों को उपलब्ध कराये जाने के लिए सहयोग प्रदान करने की अपील किया।

कार्यशाला में बताया गया कि भारत की आजादी के अमृतकाल में मुख्यमंत्री जी के एक भव्य एवं विकसित भारत के निर्माण के प्रण तथा प्रदेश को ₹वन ट्रिलियन डालर₹ अर्थव्यवस्था बनाने की संकल्पना के दृष्टिगत प्रदेश में विकास के अलग-अलग आयामों को बल प्रदान करने के लिए समग्र रूप से अथक प्रयास किये जा रहे है, जिनका वास्तविक प्रतिविम्ब विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त होने वाले आंकड़ों में होना परम आवश्यक है। बैठक में प्रतिभाग करने वाले लोगो को बताया गया कि वे आंकड़ों को सही एवं शुद्ध रूप में उपलब्ध करायें। जो इकाईयां बंद हो गयी है, उनको हटा दिया जाए। जो नई इकाईयां या यूनिट स्थापित हो, उनको सर्वेक्षण में सम्मिलित किया जाए।

## जिलाधिकारी ने की स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# जननी सुरक्षा योजना में कम भुगतान होने पर नगरा लेखा प्रबंधक को शोकॉज

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ समिति की बैठक हुई। इसमें हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, टीकाकरण, डिस्टिक हेल्थ बोर्ड, एचआरपी चिन्हांकन, जननी सुरक्षा योजना, फर्स्ट रेफरल यूनिट, मैटरनल डेथ रिपोर्ट, परिवार नियोजन के अंतर्गत फीमेल स्टेरलाइजेशन और मेल स्टरलाइजेशन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी।

टीकाकरण में डिप्थीरिया और टीबी जैसे रोगों का टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा में ज़िलाधिकारी ने सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि टीकाकरण के मामले में जहां भी आंकड़े खराब है, वहां जल्दी से टीकाकरण करके प्रगति रिपोर्ट दिया जाए। आरसीएच के अंतर्गत सरकारी और निजी हॉस्पिटल में पैदा होने वाले बच्चों के आंकड़े आरसीएच पोर्टल पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसमें बांसडीह और चिलकहर ब्लॉक का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, जिसमें सुधार लाने की चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना में नगरा ब्लाक में कम भुगतान होने पर ब्लॉक लेखा प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस



■ नवजात शिशुओं के आंकड़े आरसीएच पोर्टल पर उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में डीपीएम डॉ. आरबी यादव ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से शारीरिक अंगों से विक्षिप्त बीस बच्चों की सर्जरी करवाई गई है। इसके साथ ही यूपी हेल्थ डैशबोर्ड में जनपद के 3 ब्लॉक रतसड़, बैरिया और बैना के क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान आने पर जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। गढ़वाल ब्लाक के अधीक्षक को प्रशस्ति पत्र और 2100 का पुरस्कार दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉक के बीपीसीएम से संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, सीएमओ जयंत कुमार, डीपीओ के एम पांडे सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान** : जिलाधिकारी ने दस्तक अभियान, जो 31 जुलाई तक चलेगा। इसके अंतर्गत संचारी रोग जैसे डेंगू ,मलेरिया और दिमागी बुखार के साथ-साथ क्षय रोग, कुष्ठ रोग ,फाइलेरिया एवं कालाजार के लक्षण युक्त मरीजों को आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से चिन्हित किया जाए। उनका नाम और पता ई कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाए। इसके अंतर्गत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना जरूरी है।

## दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**बलिया।** बैरिया पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में अकेले अपने घर मे सो रही 19 वर्षीय युवती के साथ आधी रात को घर में घुसकर युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मुकदमा पीड़िता की माँ की तहरीर पर बैरिया पुलिस के द्वारा दर्ज किया गया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की माँ ने थाने में तहरीर दिया कि उसकी बेटी शनिवार की रात में अपने मकान के कमरे में अकेले सो रही थी तभी मठ योगेंद्र गिरी निवासी रजनीश यादव पुत्र जागेशवर यादव मेरी बेटी के कमरे में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया।और मेरी बेटी के चीखने चिल्लाने पर भाग खड़ा हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर पर धारा 376 व 357 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए परिजनों व महिला पुलिस के साथ जिला मुख्यालय भेजा गया है।

## स्कार्पियो सवार बदमाशों ने युवक को मारी गोली, गंभीर

**बलिया।** बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के कैथवली गांव के पास मंगलवार को स्कार्पियो सवार बदमाशों ने बुलेट सवार युवक को गोली मार दी जो उसके पेट मे जा लगी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगो ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख वाराणसी रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गड़वार थाना क्षेत्र के जगदेवपुर गांव निवासी ज्ञानेश पांडेय 42 पुत्र स्व राजेंद्र पाण्डेय मंगलवार को बुलेट से बांसडीह किस्त जमा करने जा रहे थे। जैसे ही वह कैथवली गांव के पास पहुंचे कि तभी स्कार्पियो सवार बदमाशों ने उन पर गोली चला दी जो पेट मे जा लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि घायल युवक का ससुराल से विवाद चल रहा है। उधर घायल युवक का कहना है कि स्कॉर्पियो में चार लोग सवार थे। जिन्होंने गोली मार दी और ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए ले जा रहे 50 हजार रुपए लेकर फरार हो गए। जबकि पुलिस का कहना है कि रुपया छीना नही गया है। बता दे कि घायल युवक खेती कर परिवार की जीविका चलाता था। समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी। बांसडीह सीओ शिव नारायण वैश्य ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## एक नजर

### दुर्घटना: पिता की अस्थि विसर्जित करने जा रहे पुत्र की सड़क हादसे में मौत

**बलिया।** रेवती-पचरुखिया मार्ग पर स्थित रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत प्याज फार्म के समीप मंगलवार को असंतुलित बाइक पेड़ से टकरा गयी, जिससे एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सहतवार कस्बा के वार्ड नंबर एक निवासी विक्कू गुप्ता (35) पुत्र स्व. गौरी गुप्ता तथा हनुमानगंज निवासी पिंटू गुप्ता (34) बाइक से विक्कू गुप्ता के पिता का अस्थि कलश लेकर गंगा में विसर्जित करने के लिए जा रहे थे। अभी वे रेवती-पचरुखिया मार्ग के किनारे स्थित प्याज फार्म के समीप पहुंचे थे, तभी बाइक असंतुलित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ टूट गया। घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवती पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने विक्कू को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही विक्कू की पत्नी कंचन तथा 10 वर्षीय पुत्री रिमझिम सहित परिजन रोते बिलखते सीएचसी पहुंच गए। विक्कू चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी दो पुत्रियां रिमझिम तथा सात वर्षीय पायल हैं। विक्कू के पिता गौरी शंकर गुप्ता का निधन सोमवार को हुआ था, जिनका अस्थि कलश गंगा में विसर्जित करने के लिए विक्कू जा रहा था। इसी बीच घटना हो गयी। बिक्कू के पिता गौरी शंकर गुप्ता सहतवार कस्बे के नामी-गिरामी हलवाई थे। पुलिस ने बिक्कू के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी।



### आपसी रंजिश में युवक की गोली मार हत्या

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के पखईपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की देर रात गांव के ही कुछ दबंगो द्वारा एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय युवक खाना खाने के बाद खेत में पानी चलाने के लिए टयूबवेल चालू करने गया हुआ था। जब थोड़ी बाद कुछ आवाजें आने अंदेशा हुआ तो परिवार के लोग उसे खोजते हुए टयूबवेल पर गए । जहां देखा कि तीन गोली लगी थी। वह खेत में खुन से लथपथ अवस्था में पडा था। परिजनों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियों ने सारे थानों के थाना अध्यक्षों को लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही गाँव मे कोई बवाल न हो उसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी। वहीं पुलिस टीम ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक के भाई संतोष सिंह की तहरीर पर सात नामजद सहित एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अभिमन्यु सिंह पुत्र महातम सिंह 28 वर्ष निवासी कुसुमौर पखईपुर थाना सरलखंसी गांव का निवासी था। सोमवार की देर रात करीब दस बजे के करीब खाना खाने के बाद बिजली आने पर धान के खेत में पानी चलाने के लिए टयूबवेल चालू करने गया था। कुछ देर बाद परिजनों को कुछ आवाज की होने की आहट लगी तो परिवार के लोग उसे खोजते हुए टयूबवेल पर गए जहां युवक को देखते ही परिजनों के होश उड़ गए । देखा कि युवक को लगभग 3 गोलियां लगी हुई थी। वह खुन से लथपथ खेत में गिरा पडा हुआ था।



## लखनऊ के नोवेना इंटरप्राइजेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**बलिया।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने शहर कोतवाली पुलिस को लखनऊ के नोवेना इंटरप्राइजेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। दरअसल मवेशही अस्पताल रोड निवासी मनोज कुशवाहा 100 पेटी पल्स केन्डी लेने के लिए बीते 17 दिसंबर 2022 को नोवेना इंटरप्राइजेज के खाते में दो लाख 35 हजार रूपए का भुगतान किया था। उसके बाद नोवेना इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर द्वारा 48 घंटे में सामान पहुंचेगा, दस दिन में पहुंचेगा, 15 दिन में पहुंचेगा बताकर आज तक सामान की सप्लाई नहीं की गई। इधर इस मामले में पीड़ित ने जब शहर कोतवाली का दरवाजा खटखटाया तो वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन मनोज कुशवाहा अदालत की शरण में पहुंचे, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने नोवेना इंटरप्राइजेज के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

# अंग्रेजी शराब लेकर बिहार आ रहे तीन तस्कर जनेश्वर मिश्र सेतु पर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

कोतवाली पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए बोलेरो में लदी अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में पाबंद कर तीनों आरोपियों का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

बलिया कोतवाली के उपनिरीक्षक रमाशंकर मय फोर्स हरदेव सिंह डेरा पर चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर सफेद रंग की बोलेरो से कुछ शराब तस्कर शराब लेकर जनेश्वर मिश्र सेतु के रास्ते बिहार जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस जनेश्वर मिश्र पुल के दक्षिणी छोर पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने लगी। इसी बीच बोलेरो आ गयी, जिसे रोका गया। तलाशी में बोलेरो की सीट के नीचे बने बाक्स से 336 पाउच अंग्रेजी शराब बरामद



हुई। प्रत्येक पाउच 180 एमएल का था, जिस पर अग्रेजी में आफिचर्स च्वाइस ह्विस्की, स्कॉच माल्ट और फॉर सेलिन उत्तर प्रदेश आनली अंकित है। पुलिस टीम ने बोलेरो सवार मनीष कुमार राय पुत्र राजेश्वर राय निवासी रामपुर बघेल, थाना देसरी, जिला वैशाली, बिहार, फुनटुन साहनी पुत्र जयकिशुन साहनी निवासी दाराबाद, थाना ताजपुर, जिला समस्तीपुर, बिहार व इंद्रजीत कुमार उर्फ रंजीत राय पुत्र रामजनम राय निवासी चकजलास, थाना ताजपुर, जिला समस्तीपुर बिहार को गिरफ्तार कर लिया। बरामद बोलेरो की जांच ई-चालान एप पर चेक किया गया तो कुछ भी प्रदर्शित नहीं हुआ। चेचिस नम्बर से चेक किया गया तो वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामचन्द्र प्रसाद सी/ओ नन्दकिशोर सिंह हरमऊ रोड रांची और इंजन नं. जीए84एम44765 प्रदर्शित होना पाया गया। पुलिस टीम में कां. अरुण कुमार, आदित्य नाथ, राजेश मौर्या व पवन चौबे इत्यादि रहे।

## व्योमिका स्पेस एकैडमी द्वारा इसरो के सहयोग से स्थापित की गई अंतरिक्ष प्रयोगशाला

# स्कूल के बच्चों की बढ़ेगी बौद्धिक क्षमता: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर मंडाव के कंपोजिट विद्यालय विक्रमपुर, दुबारी में स्थापित कल्पना चावला अंतरिक्ष प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। यह प्रयोगशाला व्योमिका स्पेस एकैडमी द्वारा इसरो के सहयोग से स्थापित की गई है। जिसमें रोबोटिक्स जोन, इलेक्ट्रॉनिक जोन, थ्री-डी प्रिंटिंग जोन, रॉकेट एंड सेटेलाइट जोन, एस्ट्रोनोमी जोन, एविएशन जोन इत्यादि है। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि पूरे मंडल में पहली बार किसी अंतरिक्ष प्रयोगशाला की स्थापना परिषदीय विद्यालय में की गई है। यह प्रयोगशाला ग्राम निधि से स्थापित की गई है। उन्होंने इस कार्य



हेतु मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व एवं ग्राम विकास विभाग को बधाई भी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि पहले शासन का प्रयास समस्त परिषदीय विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाना था। अब शासन उससे ऊपर उठकर नवाचार पर ध्यान दे रही है, जिसके क्रम में यह एक अभिनव प्रयास किया गया है, जो सराहनीय है।

संबोधन के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयोगशाला की स्थापना के बाद स्कूल के बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी तथा नवाचार के प्रति बच्चों के साथ ही शिक्षकों में भी जागरूकता उत्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी ग्रामीण क्षेत्रों में अध्ययनरत छात्रों को जानकारी मिलने के साथ उसके प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। जिससे भविष्य में नई खोजों के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों एवं विद्यालय के छात्रों से अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारियों को भी साझा किया। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालयों में भेजने हेतु प्रेरित करने को कहा तथा इस तरह का मॉडल अन्य गांव में भी लगाने के प्रयास की बात की। डीएम ने विद्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय का भी उद्घाटन करने के अलावा वृक्षारोपण कार्य भी किया। समारोह के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर के अलावा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय, डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक समेत अधिकारी, शिक्षक व ग्रामीण मौजूद रहें।



### सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका गांव का है मामला, आरोपी पति गिरफ्तार

# फंदे पर झूली मिली विवाहिता, मायके वालों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

- मृतक के भाई का आरोप, शादी के बाद से ही उसकी बहन को प्रताड़ित करता था उसका पति और चाचा

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोमवार की रात सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह उसका शव फंदे से लटका पाया गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। इधर मृतका के मायके वालों में दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस ने उसके पति दीपक गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका सलोनी देवी उम्र 21 वर्ष का मायका औद्योगिक थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव है। उसके भाई मुकेश कुमार ने पति तथा चचेरे ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया है कि पिछले साल ही उसने अपनी बहन की शादी रेंका गांव के बच्चन गोंड के पुत्र दीपक से की थी। शादी के बाद से ही दीपक तथा उसका चाचा सलोनी को प्रताड़ित करते थे। इसी प्रताड़ना से तंग आ उसने आत्महत्या की है। इधर ग्रामीण सूत्रों की मानें तो दीपक शादी के बाद दिल्ली के किसी निजी कंपनी में काम करता था। वह चार पांच दिन पहले ही गांव आया था तथा रात में पति व पत्नी के बीच किसी बात को ले विवाद हुआ था। जिसके बाद दीपक नाराज हो कमरे से बाहर सोने चला गया था। इधर सलोनी ने रात में आत्महत्या कर ली। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि मृतका के भाई ने पति व चचेरे ससुर पर मामला दर्ज कराया है।

## पारिवारिक कलह से तंग आकर महिला ने लगा ली फांसी

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के उसरा गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण परिवारिक कलह बताया जाता है। मृत महिला उसरा गांव के राजू साह की 26 वर्षीय पत्नी चंदा देवी है। जिसकी मायका ओपी क्षेत्र के कड़सर गांव है। उसकी शादी वर्ष 2016 में राजू साह से हुई थी। घटना सोमवार आधी रात के बाद की बताई जाती है। परिजनों को इसकी आशांका तब हुई, जब मंगलवार की अहले सुबह मृतक महिला की सास छत की सीढ़ी रूम का दरवाजा पीटने के बाद भी नीचे से किसी तरह आवाज नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने बांस की सीढ़ी लगाकर वेंटिलेटर से अंदर झांका, तो महिला फंदा से झूल रही थी। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। साथ ही मृतक महिला के मायके वालों को भी घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने अपने जवानों के साथ उक्त गांव पहुंच गए। इसके बाद पुलिस, ग्रामीणों व मृतका के माता-पिता की मौजूदगी में पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा। जिसके बाद कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। ओपीध्यक्ष ने बताया कि महिला छत की कुंडी में रस्सी बांधकर फांसी लगाई थी। मृत महिला अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चें छोड़ गई है। इस संबंध में ओपीध्यक्ष ने बताया कि अभी तक उन्हें कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद आगे की करवाई की जाएगी।

# समय से नहीं खुलता केसठ का अंचल कार्यालय, लोग परेशान

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ अंचल कार्यालय में सरकारी कर्मचारियों की मौज है। न तो कर्मी यहां समय पर पहुंचते हैं और न ही समय पर कार्यालय का ताला खुलता है। जाहिर है कर्मचारियों के समय से नहीं आने के कारण लोगों का काम बाधित हो रहा है और परिसर में बैठ कर लोगों को अधिकारियों के आने का इंतजार करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही नजारा मंगलवार को अंचल कार्यालय में देखने को मिला। जहां 11 बजे तक अंचलाधिकारी सहित अन्य कर्मी गायब मिले। ये मामला तब प्रकाश में आया जब केसठ निवासी विवेकानंद किसी कार्य को ले अंचल कार्यालय पहुंचे। उन्होंने देखा कि 11 बजे तक कार्यालय में ताला लटका था। हद तो यह रही कि आरटीपीएस ऑपरेटर सहित अन्य कर्मी भी गायब थे। वहीं आरटीपीएस ऑपरेटर के कमरे में ताला लटका हुआ था। ग्रामीण कृष्णा कुमार, अमित कुमार, इंद्रजीत कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि अक्सर अंचल कर्मियों लेटलतीफ आते रहते हैं।

**क्या कहते हैं एसडीएम**

11 बजे तक अंचल कार्यालय व आरटीपीएस काउंटर का ताला नहीं खुलना गंभीर मामला है। इसकी जांच कर ऐसे लापरवाह अधिकारियों व कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-कुमार पंकज, एसडीएम, डुमरांव**

# आशाकर्मियों के साथ बदसलूकी के खिलाफ माले ने निकाला जुलूस

**केटी न्यूज/इटाढ़ी**

भाकपा माले कार्यकताओं ने इटाढ़ी दुर्गा मंदिर के पास से जुलूस निकाला। मुख्य मार्ग से होते हुए इटाढ़ी प्रखण्ड मुख्यालय के पास पहुँचा। जहाँ जुलूस सभा में तबदील हो गई। जुलूस में नारे लगाए जा रहे थे। भाकपा माले जिन्दाबाद। आशाकर्मियों पर दमन करना बंद करें। धरना स्थल पर बिजली काटने व पानी से भिंगोने वाले कर्मी को मुअत्तल करो। हड़तालकर्मियों सम्मान व सुरक्षा की गारन्टी करें। तमाम संविदा पर बहाल कर्मियों को सरकारी कर्मी का दर्जा दो तथा सम्मानजनक वेतन दो।

सभा को सम्बोधित करते हुए माले नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। कुछ मुट्ठी भर लोगों द्वारा संवैधानिक अधिकारों छीना जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण इटाढ़ी सरकारी अस्पताल के समक्ष धरना पर बैठी आशाकर्मियों के साथ की गई बदसलूकी की घटना। आशाकर्मी अपने वाजिब मांगों को लेकर राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत धरना पर बैठी थी। प्रभारी चिकित्सक की गैर-हाजिरी में इटाढ़ी सरकारी अस्पताल के एक डाक्टर ने 23 जुलाई की रात 9 बजे बिजली कनेक्शन काट दिया। धरना स्थल को पानी से भिंगो दिया। उसकी बदसलूकी इतने पर खत्म नहीं हुई। पुनः 24 जुलाई को चार चक्का गाड़ी से आशाकर्मियों को रौंदना चाहा।









### डीएम व एसपी ने बाढ़ के पूर्व तैयारी का लिया जायजा, अधिकारियों से की बातचीत, कहा-

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत व बचाव कार्यों के लिए नावों की व्यवस्था सुनिश्चित करें

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बचाव व राहत कार्यो के प्रबंधन के संबंध में डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की उपस्थिति में जनपदस्तरीय अधिकारियों संग समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें जिलाधिकारी ने जनपद में बाढ़ प्रभावित होने वाले ग्रामों की जानकारी लेते हुए बचाव एवं राहत कार्यो के प्रबंधन की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश भी दिए। डीएम ने जनपद आपदा नियंत्रण कक्ष को 24ग सात घंटे संचालन का निर्देश दिया। इसके साथ बाढ़ प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न एवं अन्य राहत सामग्री के लिए प्रि-टेंडरिंग की जानकारी ली।

उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में नालों आदि की सफाई तथा जलभराव आदि की दशा में जल निकासी के लिए आवश्यक पम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चि कराने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने तटबंधों/बंधों के कटान एवं दरार आदि को रोकने। नहर नालों से खरपतवार, भवन निर्माण समाग्री, मलबों को हटाए जाने संबंधित कार्य, मार्ग में आई दरारों, गड्ढों का भराव, ड्रेनेज, सीवरेज से मलबे की निकासी, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त वांछित दवाईयों की उपलब्धता, सर्पदंश की घटनाएं बढ़ने के कारण वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था, पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था, जनपद में स्थापित बाढ़ चौकियों की 24 घंटे क्रियाशीलता, राहत एवं बचाव कार्यो के लिए नावों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**कुल 1245 बाढ़ चौकियां गनाई गई हैं :** बैठक में बताया गया कि जनपद के सात तहसीलों तथा सैदपुर, जमानिया, सेवराई, मुहम्मदाबाद, कासिमाबाद, जखनियां एवं सदर में कुल 82 अतिसंवेदनशील, 104 संवेदनशील एवं 387 सामान्य ग्राम हैं, जो बाढ़ की स्थिति में प्रभावित हो सकती है। जनपद में कुल 124 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। बाढ़ के दौरान आपदा से निपटने के लिए 197 मझोली एवं 104 बड़ी नावों, 27 गोताखोर, 364 नाविकों को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त 24 बाढ़ राहत केन्द्र, 29 शरणालयों की स्थापना की गयी है। बचाव राहत कार्य के लिए 517 आपदा मित्रों को तैनात किया गया है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी संतोश कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अरूण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

**बिना बताए स्टेशन छोड़ने व मोबाइल बंद रखने पर होगी कठोर कार्रवाई :** जिला मजिस्ट्रेट आर्यका अखौरी ने जनपद में संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए समस्त जनपद/तहसील/विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिना अधोहस्ताक्षरी की पूवार्नुमति प्राप्ति के कोई भी अधिकारी जनपद/तहसील/विकास खंड मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। चाहे सार्वजनिक अवकाश ही क्यों न हो। यदि किसी भी अधिकारी द्वारा इस दौरान अधोहस्ताक्षरी की पूवार्नुमति प्राप्त किए बिना जनपद/तहसील/विकास खंड मुख्यालय से बाहर जाने का प्रयास किया जाता है अथवा अपना मोबाइल नम्बर बंद रखा जाता है, तो सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## ब्यूटी पार्लर संचालिका ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**गाजीपुर।** सैदपुर कोतवाली अंतर्गत हसनपुर डगरा स्थित रेलवे क्रासिंग के पास ब्यूटी पॉर्लर संचालिका ने घरेलू कलह से ऊब कर ट्रेन के सामने कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। इसके बाद चहुंओर हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि मुड़ियार के सरैयां निवासी फूलचंद मौर्य पीडब्ल्यूडी कर्मी हैं और सैदपुर के डाक बंगले में ही तैनात हैं। उनकी बेटी वंदना मौर्या (29) की शादी 2013 में बहरियाबाद के मलिकन गांव निवासी मनोज कुशवाहा से हुई थी। उसका एक बेटा आयुष उर्फ गोलू है। वंदना गांव में ही ब्यूटी पार्लर चलाती थी और उसका पति उसी में जनरल स्टोर व खिलौने आदि की दुकान करता है। गांव के लोगों ने बताया कि वंदना को उसके ससुराल के कुछ लोग परेशान करते थे। चालक ने औड़िहार स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## अधिकार दिवस के रूप में मनाया फूलन देवी का शहादत दिवस

**केटी न्यूज/चंदौली**



निषाद पार्टी ने मंगलवार को पूर्व सांसद फूलन देवी की शहादत दिवस अधिकार दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान निषाद पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने फूलन देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद बिछियां धरनास्थल से जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संकल्प लिया कि फूलन देवी के अधूरे मिशन को निषाद पार्टी पूरा करेगी।

जिलाध्यक्ष अरविंद निषाद ने कहा कि पूर्व सांसद फूलन देवी की सम्पत्ति को समाजवादी पार्टी के पोषित माफियाओं से मुक्त कराकर उनकी मां को दिया जाए। सांसद की माता होने का अधिकार भी मिले, ताकि फूलन देवी की शहादत को सम्मान मिल सके। फूलन देवी के नाम पर महिलाओं को सेल्फ डिफेंस सेंटर खोला जाए। साथ ही उनकी हत्या की सीबीआई जांच की आए। फूलन देवी के नाम पर आदर्श गांव घोषित किया जाए और उसे विकसित किया जाए, ताकि फूलन देवी की स्मृति को लोग याद करें। केंद्र व प्रदेश सरकार इस पर प्रभावी कदम उठाते हुए निषाद समाज की वीरांगना को उचित सम्मान दे। यही फूलन देवी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भुवनेश्वर निषाद, रमेश निषाद, सांता प्रसाद, शिवकुमारी निषाद, अनिल निषाद, बचानू राम, रामकिशुन, काशीनाथ, सुरेश, मनोरमा, चन्द्रावती, रामजस निषाद आदि उपस्थित रहे।




## जिलाधिकारी ने हेल्थ वेलनेस सेंटर की समस्याओं को दूर करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिले में संचालित हेल्थ वेलनेस सेन्टर की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय गहिला, महगवां और पचोखर में पेयजल की सुविधा के बारे में डीपीआरओ से पूछताछ की। डीपीआरओ द्वारा बताया गया कि वर्तमान में हैंडपंप द्वारा पेयजल सुविधा उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित किया कि पानी की उपलब्धता और स्वच्छता के बारे में एमओ से रिपोर्ट लेकर उपलब्ध कराए जाय। 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय की स्थापना एवं धीना, मठपुरवा चंदौली में चिकित्सालय निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता के बारे में चर्चा की गई एवं यथाशीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने मारूफपुर, मझगवां, भुजना, बबुरी एवं पचोखर के बाउंड्रीवॉल निर्माण के संबंध में डीसी मनरेगा को पत्र लिख के बनवाने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला आयुष समिति के देयको एवं भुगतान के संबंध में चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत हेल्थ वेलनेस सेंटर में योग प्रशिक्षको की भर्ती हेतु कमेटी बनाने के निर्देश दिए।

## प्रार्थना सभा में चल रहा था धर्म परिवर्तन का खेल, पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला पुलिस ने प्रार्थना सभा की आड़ में मंगलवार को धर्म परिवर्तन के खेल का भंड़ाफोड़ किया है। मामला जमानिया तहसील के बड़ेसर गांव का है। यहां प्रार्थना सभा के दौरान भोले-भाले लोगों को प्रलोभन देकर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा था। क्षत्रिय महासभा की शिकायत पर पुलिस ने दबिश देकर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से भारी मात्रा में बाइबिल और प्रचार सामग्री भी बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि जमानिया कोतवाली अंतर्गत बरेसर गांव में धर्म परिवर्तन चल रहा था।

सूचना पाकर पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से बाइबिल और प्रचार सामग्री भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने की तहरीर प्रार्थना सभा में शामिल शख्स ने दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने का खेल काफी दिनों से संचालित किया जा रहा था। बताया जाता है कि बरेसर गांव में साल 2012 से ईसाई मिशनरियां सक्रिय हैं। प्रार्थना सभा में लोगों की लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है। भोले भाले ग्रामीणों को प्रलोभन भी दिया जाता है और उनके बच्चों की अच्छी शिक्षा, बेटियों की शादी और पढ़ाई आदि का भी लालच दिया जाता है।

**प्रार्थना सभा की आड़ में दिया जा रहा था प्रलोभन :** क्षत्रिय महासभा जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रार्थना सभा में शामिल होने पर पता चला कि ईसाई मिशनरी की तरफ से हिंदुओं को प्रलोभन दिया जाता है। भोले -भाले हिंदुओं को बरगलाकर ईसाई बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। राजकुमार सिंह ने कहा कि प्रार्थना सभा में शामिल लोगों से कहा जाता है कि धर्म परिवर्तन के बाद समस्याओं का समाधान हो जाएगा। कोतवाली पुलिस धर्म परिवर्तन कराने के आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

## शिक्षामित्रों ने सभा कर छह सूत्री मांग पूरा करने मांग की

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने मंगलवार को बिछियां धरनास्थल पर सभा की। इस दौरान समायोजन रद्द होने के बाद दिवंगत शिक्षामित्र साथियों को याद किया। साथ ही अपनी मांगों को सभा के पटल पर प्रमुखता के साथ रखा और सरकार से शिक्षामित्रों के हितों को ध्यान में रखने छह सूत्री मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। इसके बाद जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष इंद्रजीत यादव अजीत ने कहा कि प्रदेश के शिक्षामित्र पिछले 22 वर्षों से गांव के गरीब शोषित वंचित व पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का काम कर रहे हैं। लगभग 1.5 लाख शिक्षामित्र आज अपने बच्चों की पढ़ाई, परिवार की परवरिश, दवा-इलाज व बच्चों की शादी आदि को लेकर चिंतित हैं। प्रदेश के शिक्षामित्रों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है।


## सरकार के आश्वासन से भी अब नहीं मानेंगे जिले के अधिवक्ता: चंद्रभान सिंह

**केटी न्यूज/चंदौली**



दीवानी न्यायालय भवन निर्माण व जिला मुख्यालय के विकास के मुद्दे पर अधिवक्ताओं का आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान 11वें दिन अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ धरने का आगाज किया। इसके बाद जुलूस निकालकर कचहरी का चक्रमण किया और तहसील के कार्यालयों की तालाबंदी कराई। इसके बाद जुलूस धरनास्थल पर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। वहीं व्यापार मंडल की ओर से लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने भी अधिवक्ताओं को अपना समर्थन दिया दूसरी ओर सपा के नेता व खादी ग्राम बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव ने भी अधिवक्ताओं का समर्थन कर संघर्ष करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने शासन, प्रशासन के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर न्यायालय भवन निर्माण व जिला मुख्यालय निर्माण के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया था। इस दौरान सिविर बार अध्यक्ष चंद्रभान सिंह व डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने जिला मुख्यालय के विकास में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सबसे बड़ा बाधक बताया। कहा कि जनप्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति के अभाव के कारण जिले मुख्यालय के विकास को पंख नहीं लग सके। कहा कि अब आश्वासन से अधिवक्ता मानने वाले नहीं है, जब तक सरकारी दफ्तरों के साथ ही जिला न्यायालय भवन का निर्माण शुरू नहीं हो जाता अधिवक्ता आंदोलन को जारी रखेंगे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने समर्थन देते हुए कहा कि जरूरत पड़ी तो विकास के मुद्दे पर पूरे जिले के व्यापारियों से एक दिन बंदी का आह्वान किया। इसी अनुक्रम में डेमोक्रेटिक बार मुगलसराय व पूर्व अध्यक्ष मुगलसराय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वामीनाथ पाठक कहा कि यदि आवश्यक हुई तो रजिस्ट्री आफिस भी बन्द करायी जायेगी।




### पुलिस लाइन सभागार में जिले के व्यापारी बंधुओं के साथ जनपद पुलिस ने की बैठक

# व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाया जाए

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिले के व्यापारी बंधुओं की बैठक मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता व उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन सभागार में हुई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने राकेश शर्मा ने कहा कि व्यापारी समाज कर दाता समाज होता है और देश के विकास में व्यापारी समाज का अहम योगदान होता। बैठक में कई बाजारों के प्रतिनिधिगण व्यापारियों की समस्याओं को लेकर काफी उम्मीद से आते हैं इसलिए व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखकर व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाय, जिससे व्यापारियों को किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत अग्रहरि ने कहा कि कुछ माह पूर्व बिजली की मांग को लेकर व्यापारियों के ऊपर दर्ज मुकदमों को समाप्त किया जाय।

उन्होंने कहा कि जिले में तैनात फूड विभाग, मंडी समिति, बाटमाप के भ्रष्ट अधिकारियों पर तत्काल कारवाई की जाय। कहा कि बैठक की सूचना मिलने पर बाजारों के व्यापारियों की जो भी समस्याएं हो उसे बैठक में लिखित रूप से लेकर आने का कार्य करें। प्रदेश मंत्री व जिला महामंत्री चंद्रेश्वर जायसवाल ने कहा कि जिले की ट्रैफिक पुलिस व्यापारियों को चेकिंग के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान करती है और गाड़ियों का चालान भी कर देती है जिस पर रोक लगाई जाय। साथ ही अलीनगर के व्यापारियों के ऊपर गुण्डा एक्ट लगाया गया है और उन्हें नोटिस भेजा गया है जिससे व्यापारी आहत है। जांच करके व्यापारियों के ऊपर से गुण्डा एक्ट हटाया जाय। एएसपी ने सभी व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सुरक्षा व सहयोग का पूरा भरोसा दिया और तत्काल समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का सम्बंधित को निर्देश भी दिया। बैठक में राकेश मोदनवाल, अशोक केशरी, प्रदीप कुमार, मनोज अग्रहरि, शिव जायसवाल, संजीव जायसवाल, महमूद आलम, तस्लीम, गुरदीप सिंह, संतोष जायसवाल, रत्नेश कुमार गुप्ता, धीरज गुप्ता उपस्थित थे।